भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *101

जिसका उत्तर 27.07.2023 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपरिपुल

*101. डॉ. निशिकांत दुबे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विशेषकर झारखंड सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर उपरिपुलों के निर्माण हेतु अनुमोदित प्रस्तावों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्यों में ऐसे उपरिपुलों, जिनके संबंध में योजना बनाई गई है और आवंटित धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) राज्यों में उपरिपुल से संबंधित लंबित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और इन परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

'राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवर ब्रिज' के संबंध में डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा दिनांक 27.07.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *101 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क उपरि पुल (आरओबी) या तो एकल आधार पर या राष्ट्रीय राजमार्ग के किसी खंड के सुधार और उन्नयन से संबंधित परियोजना के भाग के रूप में रेलवे क्रॉसिंग पर बनाए जाते हैं। झारखंड राज्य सहित अन्य राज्यों में गलियारा परियोजना के भाग के रूप में अथवा एकल आधार पर स्वीकृत/अनुमोदित सड़क उपरि पुलों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है। सड़क उपरि पुलों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों की अन्य विकास परियोजनाओं के लिए राज्य-वार निधियां आबंटित की जाती हैं। परियोजनाओं को संबंधित संविदा करारों के प्रावधानों के अनुसार पूरा किया जाता है।

अनुबंध

'राष्ट्रीय राजमार्गों पर ओवर ब्रिज' के संबंध में डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा दिनांक 27.07.2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *101 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

-

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**गलियारा परियोजना/एकल आधार के भाग के रूप में स्वीकृत/अनुमोदित सड़क उपरि पुलों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	56
2	अरुणाचल प्रदेश	0
3	असम	17
4	बिहार	57
5	छत्तीसगढ़	15
6	गोवा	1
7	गुजरात	27
8	हरियाणा	24
9	हिमाचल प्रदेश	7
10	झारखंड	24
11	कर्नाटक	29
12	केरल	10

13	मध्य प्रदेश	20
14	महाराष्ट्र	51
15	मणिपुर	0
16	मेघालय	0
17	मिजोरम	0
18	नागालैंड	2
19	ओडिशा	23
20	पंजाब	18
21	राजस्थान	32
22	सिक्किम	1
23	तमिलनाडु	35
24	तेलंगाना	15
25	त्रिपुरा	1
26	उत्तर प्रदेश	59
27	उत्तराखंड	9
28	पश्चिम बंगाल	36
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0
30	चंडीगढ़	0

31	दादरा नगर हवेली और दमन दीव	0
32	दिल्ली	10
33	जम्मू और कश्मीर	7
34	लद्दाख	0
35	लक्षद्वीप	0
36	पुद्दुचेरी	0
	कुल	**586**

*****